त्यौहार में बंद होना चाहिए ट्रकों की एंट्री

▶ बढ़ेगी भीड़भाड़, ट्रैफिक जाम के साथ हादसे का खतरा

नवभारत, जबलपुर। आगामी त्योहार नवरात्र और दशहरा को मद्देनजर रखते हुए शहर के अंदर बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक लगनी चाहिए। जिसके चलते रात के समय नवरात्र में भ्रमण करने वाले लोग बिना किसी भय और बड़े वाहनों की धमाचौकड़ी से बचकर त्यौहार में देवी प्रतिमाओं के दर्शन कर सकें। जिसमें खासतौर पर बल्देवबाग और चंडाल भाटा से सभी प्रकार के बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक लगनी चाहिए। जिससे नवरात्रि और दशहरे का यह पर्व आम जनता बिना किसी ट्रैफिक जाम और सुगम यातायात से मना सकें।

उल्लेखनीय है कि शहर में बड़ी धूमधाम से नवरात्रि और दशहरा पर्व मनाया जाता है, जिसके चलते बैठकी वाले दिन से ही मंदिरों और पंडालों में लोगों की भीड़ देखने को मिलती है, जिससे शहर में पूरे रात चहल- पहल बनी रहती है।

रात में ही निकलते हैं लोग, खुल जाती है नो- एंट्री

नवरात्रि में खास तौर पर लोग रात के समय ही नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं, जहां पर वह पूरे शहर में विराजमान हुई दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन करते हैं और त्योहार को मानते हैं। परंतु इस बीच रात के 11 बजे ही शहर के सभी सीमाओं पर नो एंट्री खोल दी जाती है। जिससे बड़े वाहनों के प्रवेश होने लगते हैं वही लोग जब रात को नवरात्र के पर्व में दुर्गा प्रतिमा के दर्शन करने को निकलते हैं, तो इन बड़े ट्रकों की धमाचौकड़ी और ट्रैफिक जाम में फंस जाते हैं। जिससे लोग काफी परेशान होते रहते हैं और इन बड़े ट्रकों के कारण कई बार हादसे होने की संभावना भी बढ़ जाती है। सालों पहले जुलूस में घुसा था ।

गोसलपुर में ट्रक से 5 की हुई थी मौत

जिले में लगभग 10 वर्ष पहले 22 अक्टूबर 2015 को गोसलपुर में दशहरे के मौके पर निकल रहे जुलूस में शामिल लोगों के बीच एक बेकाबू ट्रक जा घुसा था, जिसने जुलूस में शामिल कई लोगों को रौंद दिया था। इस हादसे में 5 की मौत और 17 लोग घायल हो गए थे। इसके अलावा हाल ही में इंदौर में भी नो एंट्री में घुसे ट्रक ने 15 से ज्यादा लोगों को रौंद दिया था, जिससे लगभग 2 लोगों की मौत भी हो गई थी। इन हादसों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए, नवरात्र और दशहरा में निकलने वाली भीड़ और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा नो- एंट्री पर त्यौहार में पाबंदी लगानी चाहिए। जिससे किसी भी प्रकार की कोई जनहानि या हादसा न होने पाए।

इनका कहना है

आगामी त्यौहार को देखते हुए अगर ट्रैफिक दवाब बढ़ता है तो रात के समय बड़े वाहनों के लिए डायवर्सन पॉइंट बनाए जाएंगे, इसके अलावा समय से पहले बड़े वाहन शहर में प्रवेश करने वाले और नियम तोड़ने वालों के ऊपर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई भी होगी।

सुश्री अंजना तिवारी,
अति पुलिस अधीक्षक यातायात

हिरन नदी में मिली युवक की लाश

जबलपुर। खितौला थाना अंतर्गत हिरन नदी में एक युवक की लाश उतराती मिली। मृतक कौन है और कहा का रहने वाला है और किन परिस्थितियों में डूबा इसका पता नहीं चला है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक ग्राम कोटवार हरिप्रसाद दाहिया 56 वर्ष निवासी सिमरिया ने सूचना दी कि शनिवार को बच्चों को स्कूल छोड़ने गया था तभी गांव के उप सरपंच प्रदीप चौबे ने बताया कि हिरन नदी में एक व्यक्ति का शव पड़ा है, उसने जाकर देखा हिरन नदी के बीच में पानी में झाड़ियों के बीच में एक अज्ञात पुरूष का शव पट हालत में पड़ा है ऐसा प्रतीत होता है कि शव आगे से पानी में बहकर आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर अज्ञात मृतक की शिनाखत्गी के प्रयास शुरू कर दिए है।

उज्जैन पुलिस की जबलपुर में दबिश आरोपी फरार, खाली हाथ लौटी टीम

जबलपुर। कूट रचित दस्तावेज एवं ब्लैकमेलिंग करने के मामले में उज्जैन की खाराकुआ पुलिस ने जबलपुर में दबिश दी लेकिन आरोपित फरार मिला। संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई लेकिन पुलिस के हाथ आरोपी नहीं लगा जिसके बाद पुलिस टीम बैरंग वापिस लौट गई है।

उज्जैन के खाराकुआ थाना प्रभारी राजकुमार मालवी ने बताया कि सैयद अहमद हुसैन पिता मम्मू खान निवासी सोहागपुर, अयूब अहमद खान पिता याकूब खान निवासी सोहागपुर, सलीम उर्फ रहीम खान पिता सत्तार खान निवासी नर्मदापुरम सोहागपुर वक्फ प्रबंध कमेटी के सदस्य थे। जिन्होंने द्वारा वक्फ मस्जिद मदरसा मदार गेट उज्जैन की प्रबंध कमेटी के लिए शिकायत दी थी जिसे निरस्त किया कर दिया गया था। फैजान खान अध्यक्षता वाली कमेटी को गठित कर दिया गया। फैजान खान की कमेटी पूर्व में रह चुकी थी जिसके बारे में आरोपियों ने जानकारी निकाल फैजान व हारून नागौरी ने मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल के समक्ष झूठा शपथ पत्र पेश किया। आरोपियों ने शौकत खान निवासी भोपाल, रियाज खान निवासी उज्जैन, तकलीम नासीर निवासी जबलपुर के साथ मिलकर फैजान खान, हारून नागोरी व उबेद अली के खिलाफ मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड भोपाल, नर्मदापुरम पुलिस व उज्जैन पुलिस को शिकायत पत्र दिया। जिसमें उज्जैन पुलिस द्वारा शिकायत पत्र की सूक्ष्मता से जांच कर शिकायत खारिज की गई। आरोपियों ने फरियादी पक्ष के विरुद्ध कूट रचित दस्तावेज व फर्जी अपराधिक रिकार्ड व झूठा शपथ पत्र बनवाकर हाई कोर्ट इंदौर में रिट पीटिशन लगाई। रिट पिटीशन व उक्त शिकायती आवेदन पत्रों के एवज में आरोपियों द्वारा वक्फ की दुकानों को उनके लोगों को आवंटित करने के लिए ब्लैकमेल किया जा रहा था। जिस पर थाना खाराकुआं पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किय गया व आरोपी सैयद अहमद हुसैन अहमद खान व आरोपी सलीम और रहीम खान को नर्मदा पुरम से गिरफ्तार किया गया। जिन्हें रिमांड पर लिया गया है। शेष आरोपी शौकत खान, रियाज खान व तकलीम नासिर को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित कर रवाना किया गया। इसी मामले में पुलिस ने जबलपुर में दबिश दी गई थी आरोपित तकलीम नासीर फरार है।

अमर शहीदों का अपमान करने वालों पर की जाए सख्त कार्यवाही

▶ कांग्रेसियों ने की आवाज बुलंद
▶ आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा जूते पहनकर अमर शहीदों पर माल्यार्पण करने का मामला

नवभारत, जबलपुर। अमर शहीदों का अपमान करने का आरोप आरएसएस कार्यकर्ताओं पर लगाकर कांग्रेस ने एक बार फिर से शहर के सियासी माहौल में सरगर्मी ला दी है। तय कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेसियों का समूह शनिवार को राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल, मालगोदाम गोंडवाना चौक पर एकत्रित हुआ। जहां सबसे पहले कांग्रेसियों द्वारा अमर शहीदों की प्रतिमा को नर्मदा जल से स्वच्छ किया गया फिर उन्हें सम्मानपूर्वक श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद कांग्रेसियों ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की कि अमर शहीदों का अपमान करने की घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए, साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने स्थाई निर्देश जारी किए जाएं। गौरतलब है कि गत दिवस कांग्रेसियों ने आरोप लगाया था कि आरएसएस कायकर्ताओं ने मालगोदाम गोंडवाना चौक पर मौजूद अमर शहीदों की प्रतिमा पर जूता पहनकर माल्यार्पण किया है इसके बाद विरोध शुरू हो गया था।

अपमान नहीं किया जाएगा बर्दाश्त

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ अपनी जान की परवाह किए बिना आदिवासी अस्मिता और भारत की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया। उनकी प्रतिमाओं का अपमान न केवल आदिवासी समाज का अपमान है, बल्कि पूरे राष्ट्र की भावनाओं को ठेस पहुँचाता है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया, किशोरीलाल, जमुना मरावी, अभिषेक चिंटू चौकसे, निलेश बरकड़े, आदिवासी जिला अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, आदिवासी शहर अध्यक्ष संजू ठाकुर, विवेक अवस्थी, नेम सिंह, राजेंद्र पिल्ले, रविन्द्र कुछवाहा, पार्षद प्रमोद पटेल, आईटी सेल से विनोद कुमार लोधी, गुड्डू नबी, राकेश चक्रवर्ती, हुकुम जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

दहशत का पर्याय बना मधुमक्खी का छत्ता हटाया

जबलपुर। भेड़ाघाट थानांतर्गत ग्राम बिलखरवा निवासी अभिषेक शर्मा के घर में विगत सात आठ दिन से घर की छत के नीचे मधुमक्खी का छत्ता घर के लोगों सहित आस पास के रहवासियों के लिए दहशत का पर्याय बना हुआ था। सभी की नजर छत्ते पर पड़ती और लोगों को लगता था कि किसी ना किसी दिन मधुमक्खी का झुंड हमला ना कर दे। इस दौरान कुछ पड़ोसी जनों ने छत्ते को हटाने का प्रयास भी किया लेकिन बात नहीं बनी अंततः शनिवार दोपहर दो बजे अभिषेक ने सर्प एवं वन्य प्राणी विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने अपनी रैस्क्यू टीम के साथ पहुंचकर रैस्क्यू करते हुए सावधानी पूर्वक छत्ते को हटाकर बरगी के जंगल में छोड़ दिया। छत्ता हटने पर सभी ने राहत की सांस ली।

सीमांकन करने गई राजस्व-पुलिस टीम के सामने दो पक्ष भिड़े, हंगामा

▶ चले लट्ठ, महिलाओं के कपड़े फाड़ने का आरोप

जबलपुर। ग्वारीघाट थाना अंतर्गत सुखसागर नर्मदा नगर में जमीन का सीमांकन करने गई राजस्व टीम-पुलिस बल की मौजूदगी में दो पक्ष आपस में भिड़ गए देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच हाथापाई, धक्कामुक्की होने के साथ लाठी-डंडे चल गए। इस बीच एक पक्ष की महिलाओं का आरोप है कि उनके कपड़े फाड़े गए है। मामले में दोनों पक्षों ने शिकायत की है जिसकी जांच चल रही है। जानकरी के मुताबिक हरविन्द्र सिंह मथारू निवासी सुखसागर नर्मदा नगर की विवादित जमीन है। जिसका शनिवार को सीमांकन होना था। दोपहर में जब राजस्व टीम और पुलिस फोर्स पहुंचा। सीमांकन कार्य शुरू हुई तभी जमीन मालिक और आपत्तिकर्ताओं के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने राजस्व अमले और पुलिस की मौजूदगी में ही धक्कामुक्की शुरू कर दी। एक दूसरे के साथ मारपीट की। इस दौरान लट्ठ भी चले। दूसरे पक्ष से बड़ी संख्या में महिलाएं थी जिनका आरोप रहा कि उनके साथ न केवल मारपीट की गई बल्कि उनके कपड़े भी फाड़े गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए उन्हें अलग करते हुए मामला शांत कराया।

इसके बाद दोनों पक्षों ने शिकायत की है पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्वारीघाट थाना प्रभारी सुभाष बघेल ने बताया कि जमीन सीमांकन के दौरान दो पक्षों में विवाद हुआ है जिसके बाद मारपीट की गई है। महिलाओं के कपड़े फाड़ने के भी आरोप लगे है दोनों पक्षों ने शिकायत की है जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

मांग भरी, आबरू लूटी, अब शादी से इंकार

जबलपुर। गोसलपुर में एक 55 साल के वृद्ध ने 33 वर्षीय महिला को प्रेम जाल में फंसा लिया इसके बाद शादी का झांसा देकर आबरू लूटता रहा। इस बीच मंदिर में महिला की मांग भी भरी। जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया तो वह वादे से मुकर गया। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक गोसलपुर बरनू तिराहा निवासी 33 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव में ही बिल्लू उर्फ राघवेन्द्र 55 वर्षीय का रहता है। जिसने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया। बीते पांच साल से दोनों एक दूसरे को जानते है। शादी का झांसा देकर वह उसकी आबरू लूटता रहा। मंदिर में उसकी मांग भी भरी थी। इसके बाद लगातार उसके घरमें आकर शरीरिक संबंध बनाता रहा।

बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के चालकों पर हुई कार्यवाही

जबलपुर, नवभारत। कैंट थाने की पुलिस के द्वारा शनिवार को सदर चौपाटी के सामने सड़क सुरक्षा हेलमेट एवं सीट बेल्ट को लेकर वाहन चेकिंग का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों के दस्तावेज, लाइसेंस, हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच की गई। इस दौरान पुलिस ने चालकों को यातायात नियमों के तहत वाहन चलाने की हिदायत भी दी। कैंट थाने के सब इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय का निर्देशानुसार वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया है। जिसमें दर्जनों बिना हेलमेट के बाइक चला रहे चालकों से जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की गई है। अवाश्यक कागजात नहीं देने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए जिला परिवहन विभाग को भेजा गया था।

चोर चुस्त, पुलिस सुस्त : चार घरों में चोरों का धावा

अब माढ़ोताल, लार्डगंज, भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में हुई चोरियां

जबलपुर। शहर में चोर गैंग सक्रिय हैं। शायद ही ऐसा कोई दिन बीत रहा है जब चोरों ने किसी घर या दुकान का ताला ना तोड़ा हो। अचानक बड़ी चोरी की वारदातों से पुलिस गश्त पर भी सवाल उठ गए चोर जहां चुस्त होकर वारदात कर रहे हैं तो वहीं पुलिस सुस्त नजर आ रही है। अब चोरों ने माढ़ोताल, लार्डगंज, भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में चार घरों में चोरियां कर लाखों का माल ले गए।

माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि फुल्लूलाल राय 75 वर्ष निवासी विद्या सागर विहार कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सेवानिवृत्त है। 14 सितंबर को रात में घर में ताला लगाकर लगभग उज्जैन महाकाल दर्शन करने अपनी पत्नी के साथ गया था वापस आकर देखा अंदर रखी आलमारी का ताला भी टूटा था। आलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवरात, नगदी लगभग 5 हजार रूपये गायब थे। इसी प्रकार लार्डगंज थाने में राकेश अग्रवाल 55 वर्ष निवासी शताब्दीपुरम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 3 बजे निस्तार करने उठा एवं रूम की चाबी पत्नी से लेकर दरवाजा के पास पहुँचा देखा दरवाजा का ताला टूटा था उसने दरवाजा में धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया था पत्नी के साथ अंदर जाकर देखा आलमारी खुली थी सामान बिखरा पड़ा था चैक करने पर आलमारी में रखे जेवर, नगदी 30 हजार रूपये गायब थे। इसी प्रकार प्रदीप कुमार शर्मा 61 वर्ष निवासी पलास रेसीडेंसी हर्षीत नगर शहनाई मैरिज गार्डन यादव कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह केन्द्रीय विद्यालय से रिटायर्ड शिक्षक है। पत्नी के साथ बेटी का हायर एजुकेशन के लिये हैदराबाद गया था। घर वापस आकर देखा बाउण्ड्रीवाल के गेट में ताला लगा हुआ था ताला खोलकर देखा मेनगेट का इंटर लॉक टूटा था लकड़ी के गेट का ताला , इंटर लॉक टूटा था लोहे का दरवाजा सटा हुआ था घर के अंदर जाकर देखा सभी कमरे का सामान, किचिन, पूजा घर का सामान बिखरा पड़ा था ऊपर एवं नीचे की आलमारी में रखे जेवर अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार भेड़ाघाट थाने में कोमल प्रसाद पटैल 80 वर्ष निवासी ग्राम जमुनिया ज्वाप ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर उसके कमरे के दरवाजे की कुंडी खोलकर चोरी कर पेटी में रखें सोने चांदी के जेवर , नगदी 16 हजार रुपए चुराकर ले गए।

टपरे का भी टूटा ताला

रांझी थाने में अक्षय सोनकर 25 वर्ष निवासी बापूनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेमोरी तिराहा रांझी में सोनकर जी टी स्टाल के नाम से टपरा है जिसमें चाय एवं सिगरेट पान मसाला एवं कोल्ड ड्रिंक्स बेचता है। अज्ञात चोर बीती रात टपरे का ताला तोड़कर पांच हजार रूपए की सिगरेट, चार हजार रूपए का पान मसाला, कोल्ड ड्रिंक्स के बाटल कीमती 1500 रूपये की चुराकर ले गए।

नाम सुधार सूचना

मैं **सुमित कुमार भाटिया** पिता श्री शीतल कुमार भाटिया आयु 45 वर्ष निवासी- एम.आई.जी.-164, दमोह रोड, जैन मंदिर के पास शिवनगर, जबलपुर (म.प्र.) हूँ। यह कि मैं उपर्युक्त पते पर स्थाई निवासी हूँ व जन्म से भारतीय नागरिक हूँ। यह कि मैं भारतीय पासपोर्ट क्रं.-K4985985 का धारक हूँ, जो कि पासपोर्ट में मेरा नाम सुमित भाटिया (SUMIT BHATIA) दर्ज है, जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड, पेनकार्ड व अन्य शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम सुमित कुमार भाटिया (SUMIT KUMAR BHATIA) दर्ज है। यह कि सुमित भाटिया (SUMIT BHATIA) एवं सुमित कुमार भाटिया (SUMIT KUMAR BHATIA) दोनों एक ही व्यक्ति यानि मुझ प्रार्थी एवं शपथकर्ता के ही नाम है मैं दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाना हूँ। अतः आज दिनांक से मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा सही एवं पूरा नाम **सुमित कुमार भाटिया (SUMIT KUMAR BHATIA)** लिखा, पढ़ा, माना व अंकित किया जावे। इस हेतु यह शपथपत्र एवं सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

स्थान- जबलपुर (म.प्र.)
दिनांक- 20/09/2025

भवदीय/शपथकर्ता
सुमित कुमार भाटिया (SUMIT KUMAR BHATIA)

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./685 अ-6/2025-26

आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहिनी बाई पति स्व. राम चंद्र नागदेव नि.-1132/1 जय प्रकाश नगर धनी की कुटिया के पीछे ने नजूल ब्लाक नं. 128 प्लाट नं. 3/6 एवं 4/2 निर्मित रकवा /रकवा 660 व.फु./ अवि. हिस्सा व.फु./हे. विक्रय पत्र / हक त्याग/ वसीयतनामा /दानपत्र/वारसान हक/ मृत्यु हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 128 प्लाट नं. 3/8 एवं 4/2 निर्मित रकवा/रकवा 660 व.फु./ अवि. हिस्सा व.फु. हे./ ग्राम घमापुर प.ह.नं. खसरा नं. रकवा 660 व.फु./हे. रामचन्द्र बल्द गोविन्द राम सिंधी, मनोज नागदेव, दीपक नागदेव, पिता राम चन्द्र नागदेव निवास 1132/ए.जे.पी.नगर अधारताल के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 28/09/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 22/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 22/08/2025
पेशी दिनांक :- 28/09/2025

सील

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर (म.प्र.)

आम सूचना

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार श्रीमती प्रीति पारासर पत्नी श्री विनीत पारासर द्वारा नगर निगम मकान क्रमांक 45-ए की एक व्यावसायिक दुकान क्रमांक 2, कुल क्षेत्रफल 20x10-200 वर्ग फीट और 20x57=1140 वर्ग फीट, सिविल लाइन, लाला लाजपत वार्ड, स्थायी नजूल लीज ब्लॉक क्रमांक 21, नजूल प्लॉट क्रमांक 7 का भाग, कुल निर्मित दुकान क्षेत्रफल 10x10=100 वर्ग फीट, अविभाजित हिस्सा 50 वर्ग फीट, तहसील एवं जिला जबलपुर, है। उक्त संपत्ति खरीदने के लिए श्री देवेन्द्र भिरानी पिता श्री भगवानदास भिरानी से अनुबंध पत्र किया है उक्त संपत्ति भूमिस्वामी श्री देवेन्द्र भिरानी पिता श्री भगवानदास भिरानी ने श्री रामचन्द्र पाण्डे, श्री विनोद कुमार पाण्डे, श्री जनार्दन पाण्डे, कु. कुसुम पांडे से विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय पत्र दिनांक 24/11/2005, दस्तावेज क्रमांक- 2583-ख के माध्यम से क्रय किया है।

यह कि श्रीमती प्रीति पारासर पत्नी श्री विनीत पारासर मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) से ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरक्षा हेतु श्रीमती प्रीति पारासर पत्नी श्री विनीत पारासर द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक की जा रही है। चूँकि उक्त सम्पत्ति पर पंजीकृत से विक्रय पत्र दिनांक 24/11/2005, दस्तावेज क्रमांक-2583-ख को बैंक में जमा कर साम्यिक बंधक किया जा रहा है।, अतः उक्त संपत्ति या संपत्ति के बंधक के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

जबलपुर
दिनांक :- 19/09/2025

भवदीय
राजेश प्यारसी एडवोकेट
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर,
दमोहनाका जबलपुर
मो.-9424320068

एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक ने किया निरीक्षण

जबलपुर। एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के 132 के व्ही विनोबा भावे सब स्टेशन के लिए दोहरी सप्लाई व्यवस्था के कार्य की स्थिति का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महत्वपूर्ण शटडाउन के तहत, पूरा औद्योगिक क्षेत्र रिछाई और आधारताल की विद्युत आपूर्ति प्रभावित थी। पिछले 20 दिनों से इस जटिल कार्य की लगातार मॉनीटरिंग कर रहे प्रबंध संचालक ने ट्रांसको एवं आउटसोर्स कर्मियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाया। प्रबंध संचालक ने मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी को निर्देश दिए कि शेष जटिलतम कार्य का पहला चरण किसी भी कीमत पर अगले 48 घंटे में पूरा किया जाए, ताकि शहर में नवरात्रि से पहले विद्युत आपूर्ति की पुरानी व्यवस्था बहाल की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आवश्यक हो तो अन्य क्षेत्रों की मेंटेनेंस टीमों को तुरंत बुलाया जाए और यह महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किया जाए।

जिले की 2 हजार 273 शासकीय शालाओं में परीक्षा आयोजित

नवभारत, जबलपुर। केन्द्र शासन के शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे उल्लास नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा का आयोजन शनिवार को जिले की 2 हजार 273 शासकीय शालाओं में किया गया। नवसाक्षर परीक्षा में जिले के 43 हजार से अधिक नवसाक्षरों ने उत्साह से भाग लिया। परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुई। परीक्षा में जिले में सबसे उम्रदराज नव साक्षर विकासखण्ड सिहोरा के ग्राम हरगढ़ की 82 वर्ष की बिसरती बाई पटैल थी। सभी परीक्षा केंद्रों में सुबह से ही परीक्षार्थियों की भीड़ दिखाई दी। अनेक परीक्षा केंद्रों में नवसाक्षरों का फूल माला तथा तिलक वंदन कर स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया गया। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अंजनी सेलट, जिला सह समन्वयक दीपक पटैल, केशव दुबे एवं बिन्दु गुप्ता तथा विकास खण्ड सह समन्वयकों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

पिछले 6 माह से लगातार तैयारी

जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी अंजनी सेलेट के अनुसार बताया कि उल्लास नव-भारत साक्षरता कार्यक्रम के नवसाक्षरों की मूलभूत एवं संख्यात्मक परीक्षा के लिये पिछले 6 माह से लगातार तैयारी, समीक्षा एवं मॉनीटरिंग की जा रही थी। उन्होंने बताया कि कलेक्टर राधवेन्द्र सिंह एवं जिला पंचायत के सीईओबअभिषेक गहलोत के निर्देश पर जिले के सभी शालाओं में सामाजिक चेतना केंद्र बनाए गए हैं एवं उनके संचालन की जिम्मेदारी प्राचार्य एवं शाला प्रभारियों को दी गई है।

अवैध पार्किंग, नो एंट्री में भारी वाहनों की आवाजाही पर लगे रोक

नवभारत, जबलपुर। शहर के प्रमुख चौराहों पर अवैध पार्किंग, ट्रैफिक जाम, मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन, नो-एंट्री में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक, आमजनों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार पर रोक लगाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेसियों ने एएसपी को ज्ञापन सौंपा और कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रमुख चौराहों पर स्थायी ट्रैफिक प्रबंधन योजना लागू की जाए। अवैध पार्किंग व अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगे। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व कांग्रेसियों ने चेतावनी भी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौपते समय अधिवक्ता सक्षम गुलाटी, सौरभ नाटी शर्मा, अमन अरबी, अमरीश मिश्रा, चिंटू चौकसे, जतिन राज, समर्थ अवस्थी, सोम ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

760 महिलाओं को दवाओं के साथ मिला जांच एवं परामर्श

▶ सेवा पखवाड़ा में स्वास्थ शिविर के साथ हुए विविध आयोजन

पनागर। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पनागर विधानसभा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पनागर में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अभियान के अंतर्गत महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन किया गया। जिसमें 760 महिलाओ को दवाओं के साथ जांच एवं परामर्श दिया गया। पनागर विधायक ने बताया कि सेवा ही संकल्प के वचन को साकार करते हुए एक विशाल शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सम्पूर्ण बीमारियो की जांच कर परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में विधायक सुशील तिवारी, युवा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष हर्ष तिवारी , मंडल संयोजक आनंद जैन मिंन्चू, बीएमओ संजय जैन, नगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू , पूर्व मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन, गोवर्धन खेतपाल, सर्वेश मिश्रा, अनिल गौतम, जनपद सीईओ आयुषी उपाध्याय, महिला बाल विकास अधिकारी आराधना गर्ग, पनागर विपिन ताम्रकार, महामंत्री अनिल वंशकार, सुरेश पटेल सतीश पटेल, सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे।

शिविर में हुई 132 मरीजों की जांच

पनागर। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सिंगौद में, स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार के सफल संकल्पित अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 132 मरीजों की जांच की गई, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर, गर्भवती महिलाओ की चांच किशोर किशोरी को परामर्श काउंसलिंग, एवम सभी जनसमुदाय को स्वास्थ्य जीवन शैली, निरोगी काया योगा को जीवन में अपनाने की शिक्षा दी गए। बीमार व्यक्तियों का त्वरित इलाज जांच की। शिविर में डॉ सर्वेश पटेल ,वीरेंद्र चौधरी स्वास्थ्य सुपरवाइजर,, मनोज गुप्ता फार्मासिस्ट, सुश्री, अनुजा गर्ग, फार्मासिस्ट, रीता कुमरे, श्रीमती सविता ठाकुर, नर्सिंग ऑफिसर सि